राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने पूर्व उपराष्ट्रपति श्री शेखावत को श्रद्वाजंलि दी

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने बुधवार को सांय यहां विद्याधर नगर स्थित भैरोसिंह शेखावत स्मृति स्थल पर पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत को श्रद्वाजंलि अर्पित की।

राज्यपाल श्री मिश्र स्व. शेखावत की 96 वीं जयन्ती पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की बैठक की अध्यक्षता करेंगे राज्यपाल श्री कलराज मिश्र

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में गुरूवार 24 अक्टूबर को राजभवन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की बैठक होगी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र केन्द्र के पदेन अध्यक्ष है। श्री मिश्र सदस्यों के साथ केन्द्र की गतिविधियों पर चर्चा करेंगे।

राज्यपाल से सांसद की मुलाकात – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से जयपुर ग्रामीण सांसद श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व चित्तौड़गढ़ के सांसद श्री चन्द्रप्रकाश जोशी ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की।

––––

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल